| | | | |
|---|---|---|---|
| **Publication** | **Financial Express** | **Language** | English |
| **Edition** | New Delhi | **Journalist** | Bureau |
| **Date** | 27/10/2025 | **Page no** | 2 |
| **CCM** | 6.36 | | |

# Shah to hand over deep-sea vessels to cooperatives

## Shah to hand over deep-sea vessels to cooperatives


UNION HOME AND Cooperation Minister Amit Shah will distribute state-of-the-art deep-sea fishing vessels to beneficiaries at Mazagon Dock in Mumbai on Monday, marking what the government has termed a "historic milestone" in cooperative-led deep-sea fishing.

Downloaded from
SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Publication** | **Amar Ujala** | **Language** | Hindi |
| **Edition** | New Delhi | **Journalist** | Bureau |
| **Date** | 27/10/2025 | **Page no** | 12 |
| **CCM** | 24.81 | | |

# Historic step: Shah will inaugurate state-of-the-art deep sea fishing vessels today.

# ऐतिहासिक कदम : शाह आज करेंगे गहरे समुद्र में मछली पकड़ने वाले अत्याधुनिक पोतों का लोकार्पण



**नई दिल्ली।** गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार को मुंबई के मझगांव डॉक पर गहरे समुद्र में मछली पकड़ने वाले अत्याधुनिक पोतों का लोकार्पण करेंगे।

यह पहल समुद्री मत्स्य क्षेत्र के आधुनिकीकरण और सहकारी मॉडल के तहत तटीय विकास को सशक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस अवसर पर लाभार्थियों को गहरे समुद्र में मछली पकड़ने वाले जहाजों की चाबियां सौंपी जाएंगी। यह पहल आत्मनिर्भर भारत और ब्लू इकोनॉमी के सशक्तीकरण की दिशा में मील का पत्थर मानी जा रही है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत यह पोत लाभार्थियों को दिए जा रहे हैं, जिनकी प्रति इकाई लागत 1.2 करोड़ रुपये है। इसमें केंद्र सरकार, महाराष्ट्र सरकार, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) और मत्स्य विभाग का संयुक्त वित्तीय सहयोग है। इस योजना का उद्देश्य भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र और दूरस्थ समुद्री क्षेत्रों में मत्स्य संसाधनों के दोहन की क्षमता को बढ़ाना है।


पारंपरिक रूप से भारतीय मछुआरे 40 से 60 समुद्री मील तक सीमित क्षेत्रों में सक्रिय रहे हैं, जिससे उत्पादन और आय सीमित रही है। नई पहल से इन सीमाओं का विस्तार होगा और उच्च मूल्य वाली मछलियों जैसे टूना के निर्यात में वृद्धि की संभावना है। ब्यूरो

Downloaded from
SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Publication** | **Dainik Jagran (Rashtriya)** | **Language** | Hindi |
| **Edition** | New Delhi | **Journalist** | Bureau |
| **Date** | 27/10/2025 | **Page no** | 3 |
| **CCM** | 18.76 | | |

# Shah will hand over deep-sea fishing vessels to cooperative societies.

## शाह सहकारी समितियों को गहरे समुद्र में मछली पकड़ने वाले जलपोत सौंपेंगे



अमित शाह। फाइल

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार को मुंबई के मझगांव डाक पर सहकारी समितियों को अत्याधुनिक गहरे समुद्र में मछली पकड़ने वाले जलपोत वितरित करेंगे। सरकार ने इसे सहकारी समितियों द्वारा गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार, केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल भी इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। ये जलपोत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत दिए जा रहे हैं और प्रत्येक जलपोत की लागत 1.20 करोड़ रुपये है। इस पहल को महाराष्ट्र सरकार, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम और केंद्रीय मत्स्य पालन विभाग ने संयुक्त रूप से वित्त पोषित किया है। मत्स्य पालन विभाग और सहकारिता विभाग ने सहकारी समितियों के नेतृत्व में गहरे समुद्र में मछली पकड़ने में तेजी लाने के लिए एक संयुक्त कार्य समूह का गठन भी किया है।

********

Downloaded from
SAMVAD